राज्यपाल सचिवालय
राजभवन,जयपुर

राज्यपाल की रामदेव जयन्ती व तेजा दशमी पर शुभकामनाएं

जयपुर, 15 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रामदेव जयन्ती एवं तेजा दशमी (16 सितम्बर) के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि लोक देवता के रूप में पूज्य बाबा रामदेव और वीर तेजाजी का जीवन ही एक महान संदेश है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने खेजड़ली शहीद दिवस पर जोधपुर के खेजड़ली में हरे–भरे वृक्षों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाली मां अमृता देवी सहित बलिदान देने वाले सभी लोगों को भी नमन किया है। उन्होंने आह्वान किया है कि हमें भी जीव–जंतु, पशु–पक्षियों, पेड़–पौधों के प्रति दया भाव रखते हुए सभी की भरसक मदद करने का संकल्प लेना चाहिए।

––––